31/05/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी अनुपस्थित। पत्रावली पूर्व आदेश की पालना में आईन्दा दिनांक 7/6/2024 को पेश हो।

07/06/24 पत्रावली पेश हुई। पीठासीन अधिकारी दीगर कार्यों मे व्यस्त है, मिसल इल्तवा होकर पत्रावली पुर्व आदेशिकानुसार आईन्दा दिनांक 18/06/24 को पेश हो।

18/06/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप.। विप्रार्थी सं. 23 की ओर से पूर्व दिनांक 31/05/24 को अधिवक्ता महिपालदान चारण ने वकालतनामा पेश किया तथा जवाब हेतु अवसर दिया गया परन्तु विप्रार्थी सं. 23 द्वारा आज दिनांक तक जवाब पेश नही किया अत: जवाब बंद किया जाता है। शेष विप्रार्थीगणो को जवाब हेतु अनेक अवसर देने के बावजुद जवाब पेश नही किया। अत: जवाब बंद किया जाता है वकील प्रार्थी ने बहस हेतु निवेदन किया। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। बहस पर मनन किया। पत्रावली का अध्ययन अवलोकन किया गया। जिससे प्रतीत होता है प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार करने योग्य है। अत: तत्सम्बंधी निर्णय अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर होकर संख्या से कम हो।

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

**राजस्व आवेदन सं 92/2024 अन्तर्गत धारा 111,128 एल.आर.एक्ट**

**नवाराम बनाम अमराराम वगैरा**

पीठासीन अधिकारी –श्री विरेन्द्रसिंह भाटी आर.ए.एस

प्रार्थी वकील – श्री करनाराम कड़वासरा

## निर्णय

दिनांक – 18/06/2024

प्रस्तुत प्रकरण में संक्षिप्त मे तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र मे कथन किया है कि **तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र झड़पा भू.अ.नि. क्षेत्र अरटी के मौजा धुड़ावा के खेत खसरा संख्या 576/574 रकबा 1.6228 हैक्टर, किस्म बा.सोयम** स्थित है। प्रार्थी के खेत के पास विप्रार्थीगण उक्त खातेदारी भूमि के पडोसी है। जिनके खेत प्रार्थी के खेत के पडोस में स्थित होने के कारण बरसात के समय वक्त काश्त अक्सर विप्रार्थीगण सेढो को लेकर विवाद करते रहते है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमा को लेकर विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगड्डी पेमाईश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थी ने पेमाईश एवं नेखमबन्दी करने का निवेदन किया है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण के नोटिस बाद तामिल प्राप्त हुए। लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ, अतः उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। जिससे स्पष्ट होता है कि प्रार्थी के वक्त काश्त प्रार्थी व विप्रार्थीगण के मध्य सीमाओ को लेकर विवाद बना रहता है, इस कारण प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमी की पेमाईश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते है। प्रार्थी विवादित भूमि के खातेदार काश्तकार राजस्व रेकर्ड मे दर्ज होने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया की जाकर वादग्रस्त भूमि **तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र झड़पा भू.अ.नि. क्षेत्र अरटी के मौजा धुड़ावा के खेत खसरा संख्या 576/574 रकबा 1.6228 हैक्टर, किस्म बा.सोयम** की नेखमबन्दी करने का आदेश दिया जाता है। नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर को निर्देश दिये जाते है कि वो दोनो पक्षो के रूबरू किसी मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पैमाईश करे व भूमापक कर्ता को यह भी निर्देश दिये जाते है कि किसी सक्षम न्यायालय से स्थगन आदेश न हो तो वो दोनो पक्षो के रूबरू विवादित भूमि की मौके की स्थिति व कब्जे काश्त मे परिवर्तन किये बिना मुस्तकील/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पेमाईश करे व नेखमबन्दी कर पालना रिपोर्ट पेश करे वक्त पेमाईश हल्का पटवारी को साथ रखे। नेखमबन्दी के दौरान किसी बिन्दु को लेकर विवाद की स्थिति हो तो नेखम स्थापित नहीं किये जावे और उसकी मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करे। तहरीर जारी हो।

तहसीलदार सेड़वा को आदेश दिया जाता है कि वे प्रार्थी के खसरें की नेखमबन्दी विप्रार्थीगण की उपस्थिति में करावें एवं नेखमबन्दी के दौरान विप्रार्थीगण के हितों पर कुठाराघात न हो।

पत्रावली पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर पेश हो पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 18/06/24...को न्यायालय के खुले परिसर में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

18/6/24

(विरेन्द्रसिंह भाटी)

उपखण्ड अधिकारी

(SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा जिला बाड़मेर

| प्रार्थी | | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. नवाराम पुत्र प्रभुराम जाति कुम्हार, निवासी धुड़ावा, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर। | बनाम | 1. अमराराम पुत्र भुगडाराम 2. खेतुदेवी पत्नि भुगडाराम<br>3. गगुराम पुत्र लालाराम 4. गुणेशाराम पुत्र भोजाराम<br>5. जगुराम पुत्र लालाराम 6. डायाराम पुत्र भुगडाराम<br>7. भानाराम पुत्र भोजाराम 8. मगनाराम पुत्र भुगडाराम<br>9. मघाराम पुत्र भोजाराम 10. रामचंद पुत्र भुगडाराम<br>11. सोमजी पुत्र बीजाराम 12. हिन्दुराम पुत्र भुगडाराम<br>13. हीरोदेवी पत्नि भोजाराम जाति भील, निवासी धुड़ावा तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर।<br>14. अरबाब पुत्र अलफ 15. अलीखां पुत्र कामल<br>16. इमाम पुत्र अलफ 17. जाम पुत्र कामल<br>18. जामन पुत्र कामल 19. धणीयाणी पत्नि अलफ<br>20. सदाम पुत्र अलफ 21. सफीयत पुत्री कामल<br>22. हयात पुत्र कामल जाति मुसलमान, निवासी धुड़ावा<br>23. ताजाराम पुत्र प्रभुराम 24. तेजा पुत्र रूपा<br>25. दुदा पुत्र रूपा 26. देदा पुत्र रूपा 27.पेमा पुत्र रूपा<br>28. राधादेवी पत्नि पेमाराम 29. सोनीदेवी पत्नि देदाराम जाति कुम्हार, निवासी धुड़ावा, तहसील सेड़वा।<br>30. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार सेड़वा |

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राज.भू. राजस्व अधिनियम वास्ते नेखमबंदी बाबत्।**

राजस्व आवेदन संख्या 92/2024

दिनांक : 18/06/2024

## आदेश

तहसीलदार सेड़वा को भेजकर लेख है कि उपरोक्त प्रकरण में **तहसील सेड़वा पटवार क्षेत्र झड़पा भू. अ.नि. क्षेत्र अरटी के मौजा धुड़ावा के खेत खसरा संख्या 576/574 रकबा 1.6228 हैक्टर, किस्म बा.सोयम** के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करने हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त विवादित भूमि की पेमाईश आप अपने स्तर पर टीम गठित कर दोनों पक्षों को विधि को विधि सम्मत नोटिस के जरिये सूचित कर यदि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तथा नेखमबंदी की पालना 15 दिवस में अवश्य पेश करें। नेखमबंदी के दौरान किसी बिन्दु पर किसी प्रकार निर्माण होने की स्थिति में उस बिन्दु पर नेखम स्थापित नहीं किया जावे और उसकी मौका स्थिति की रिपोर्ट पेश करे। तहसीलदार दोनों पक्षों को नोटिस जारी करने के उपरान्त ही नेखमबंदी की कार्यवाही करेंगें।

नेखमबंदी के दौरान विप्रार्थीगण के हितों पर कुठाराघात न हों। आवश्यकता होने पर संबंधित पुलिस थाना से इमदाद हेतु अधिकृत किया जाता है।

18/6/24
(विरेन्द्रसिंह भाटी)
उपखण्ड अधिकारी
o/c सेड़वा
उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा
दिनांक 18/06/2024

क्रमांक/भू.अ./2024/2120-23
प्रतिलिपि: निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ–

1. तहसीलदार सेड़वा।
2. प्रार्थी नवाराम पुत्र प्रभुराम
3. विप्रार्थीगण अमराराम पुत्र भुगडाराम वगैरा।
4. थानाधिकारी पुलिस थाना सेड़वा/चौहटन/बाखासर/बीजराड़/धोरीमन्ना/धनाउ।

18/6/24
उपखण्ड अधिकारी
सेड़वा
उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा